प्रेषिका,

नीलम कटियार
अपर सिविल जज (का.क्षे.)
कक्षा सं. 40, लखनऊ ।

सेवा में,

संयुक्त निबंधक (जूडिशियल)(बजट)
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद ।

द्वारा:- माननीय जनपद न्यायाधीश,
लखनऊ ।

विषय: माननीय उच्च न्यायालय के प्रपत्र सं0 4734/IV h-16/Admin (A-4)/Dated 18-04-2022 के सम्बंध में ।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि प्रार्थिनी दिनांक 15.11.2019 को सेवा में आयी । सेवा में आने के पश्चात प्रार्थिनी द्वारा सेवा में आने के पूर्व का सम्पत्ति विवरण माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किया जा चुका है । प्रार्थिनी का अगला सम्पत्ति विवरण दिनांक 01 अप्रैल 2021 के पश्चात प्रेषित किया जाना था किंतु चल अचल सम्बंधित सुसंगत प्रपत्र एकत्रित करने में एवं बैंक पास बुक फार्म-16, आई0टी0आर0, बीमा आदि प्रपत्र एकत्र करने एवं वांछित सम्पत्ति विवरण प्रपत्र में सही सूचनाएं अंकित करने के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करने के कारण सम्पत्ति विवरण प्रपत्र समय से दाखिल करने में विलम्ब हुआ है जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है । अब अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त प्रपत्र एकत्रित कर वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 का सम्पत्ति विवरण प्रपत्र विहित प्रारूप पर भरकर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है ।

प्रार्थिनी नव नियुक्त अधिकारी है । चल अचल के सम्बंध में सुसंगत प्रपत्र एकत्रित करने एवं उनका सही अंकन विहित प्रारूप पर करने सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने में उक्त विलम्ब हुआ है जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है तथा अधोहस्ताक्षरी भविष्य में सम्पत्ति विवरण नियमानुसार समय से प्रेषित करना सुनिश्चित करेगी ।

अधोहस्ताक्षरी का उक्त स्पष्टीकरण माननीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूति पूर्वक अवलोकनार्थ हेतु सादर प्रस्तुत करने की कृपा करें ।

सादर ।

दिनांक- 11.05.2022

भवदीया
Neelam
11/05/22
(नीलम कटियार)
अपर सिविल जज (का.क्षे.)
कक्षा सं. 40, लखनऊ ।

संलग्नक:- सुसंगत प्रपत्र ।